


# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## तिमाही वृतांत
## जुलाई - सितम्बर' 2021







### संपादक की कलम से:

कोरोना महामारी से जूझ रही मानवता के लिए दूसरी तिमाही राहत एवं आशा की किरण लेकर आई। वहीँ यह तिमाही सोसाइटी के लिए मधुर कीर्तिमानों एवं उपलब्धियों से सुशोभित रही।

पावन गंगोत्री धाम में अपना दसवां चिकित्सालय मानवता के लिए समर्पित कर सोसाइटी सारे चार धामों में आधुनिक चिकित्सीय सेवाएँ स्थापित करने के अपने ध्येय के और निकट पहुँच गई, ज्ञात हो की सोसाइटी द्वारा बद्रीनाथ धाम एवं केदारनाथ धाम में 2019 से ही आधुनिक ICU युक्त चिकित्सालय स्थापित किये जा चुके हैं।
12 बेड और आधुनिक चिकित्सीय सेवाओं से सुसज्जित गंगोत्री धाम का यह चिकित्सालय वहां आने वाले तीर्थयात्रियों और क्षेत्र के साधु संतों एवं निवासियों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

एक अन्य उपलब्धि रही 250 LPM क्षमता वाले ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का धर्मावाला चिकित्सालय में लोकार्पण, इसकी स्थापना 19 सितम्बर को SEWA इंटरनेशनल (ऑस्ट्रेलिया शाखा) के सहयोग से की गई। ये भी एक संयोग था की इसी दिन सोसाइटी द्वारा स्थापित प्रथम चिकित्सालय, धर्मावाला भी अपना नौवां स्थापना दिवस मना रहा था।

इस तिमाही में सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों में हर प्रकार की सेवाओं व सुविधाओं में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, कई नए आंकड़ो को छुआ और कीर्तिमान भी बनाये। यह वृद्धि ओ पी डी, इंडोर विभाग, सर्जरी, लैब व अन्य जाँचे, मल्टी डिसिप्लिनरी एवं सुपर स्पेशियलिटी शिविर और सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर समेत सभी में दिखी।

इस तिमाही में चार धाम यात्रा भी प्रारंभ हुई और तत्परता दिखाते हुए सोसाइटी ने अपने बद्रीनाथ और केदारनाथ के चिकित्सालयों का संचालन भी शुरू कर दिया। ये दोनों चिकित्सालय और नवीन गंगोत्री धाम के चिकित्सालय में प्रथम दिन से ही बड़ी संख्या में रोगी आने लगे।

सोसाइटी अपने ध्येय वाक्य "नर सेवा ही नारायण सेवा" को यथार्थ करती आ रही है और भविष्य में भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव से इस पावन कार्य के लिए सदैव प्रत्यनशील रहेगी।




**24 X 7 - इमरजेंसी सेवा - गंगोत्री धाम चिकित्सालय**

**पृष्ठ 03**

**नए उपक्रम**

**पृष्ठ 04**

**उल्लेखनीय घटनाएँ**

**पृष्ठ 05**

**मल्टी डिसिप्लिनरी एवं सुपर स्पेशियलिटी शिविर ; सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर**

**पृष्ठ 06**

**सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम**

**पृष्ठ 07**

**आंकड़े**

# नए उपक्रम

# इस तिमाही की उपलब्धियाँ

1 **29-09-2021 (गंगोत्री धाम): चिकित्सालय का लोकार्पण:** ईशावास्यम आश्रम, गंगोत्री धाम के पूजनीय स्वामी राघवेन्द्रानंद जी, SVHM सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल जी, मंदिर समिति के पदाधिकारी, तीर्थयात्री, संत जन एवं स्थानीय पुलिस अधिकारियों की पावन उपस्थिति में हुआ। 12 बेड वाला एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह चिकित्सालय गंगोत्री धाम में स्थापित हुआ है जो की सतत रात दिन पूरी तरह से नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान करेगा। डॉक्टर्स एवं स्टाफ उपलब्ध कराने में यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा द्वारा सहयोग दिया गया है। **उपलब्ध सुविधाएँ :** Fully equipped ICU, इमरजेंसी, डिजिटल एक्स-रे, ई.सी.जी, लेबोरेटरी, फार्मेसी, पुरुष और महिला वार्ड।

2 **19-09-2021 (धर्मावाला):** सेवा इंटरनेशनल, ऑस्ट्रेलिया शाखा द्वारा स्थापित ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण कोविड की संभावित तीसरी लहर की तैयारी हेतु किया गया। यह प्लांट इस समस्त पिछड़े क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

3 **21-09-2021 (हरिद्वार): नवीन इमरजेंसी ब्लॉक एवं फिजियोथेरेपी विभाग:** महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज जी एवं माननीय श्री सुधीर जी (अखिल भारतीय संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती) द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इनके इलावा श्री रोहिताश कुंवर (माननीय जिला संघचालक RSS, हरिद्वार), डॉ. यतीन्द्र नागयान (माननीय नगर संघचालक RSS एवं वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ. नवीन अग्रोही (वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंकित सैनी (जिला कार्यवाह RSS) व श्री अमित जी (जिला प्रचारक RSS) भी मौजूद रहे।

4 **06-08-2021 (धर्मावाला):** SVHM सोसाइटी द्वारा संचार माध्यम से चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "SVHM टेली चिकित्सा हेल्प लाईन" की शुरुआत हो गई है। एक पूर्णत: नि:शुल्क सेवा जहाँ घर बैठे मिलेंगी अनुभवी और वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा सलाह एवं उपचार।

5 **30-08-2021(धर्मावाला):** लैब में नयी डायग्नोस्टिक मशीन लगायी गई जो :

- प्रति घंटे 128 सैमपल्स की प्रोसेसिंग करती है।
- 100% सटीक है।
- विभिन्न जांचें जैसे की LFT, KFT, Lipid Profile इत्यादि को एक ही साथ ही किया जा सकता है।

एक विचार लो. उस विचार को अपना जीवन बना लो –
उसके बारे में सोचो उसके सपने देखो, उस विचार को जियो.
अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों,
शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो,
और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो.
यही सफल होने का तरीका है.

-"स्वामी विवेकानन्द"

1


SVHM सोसाइटी ने अपना 10वाँ चिकित्सालय प्रारंभ किया
स्वामी विवेकानन्द चैरिटेबल चिकित्सालय, गंगोत्री धाम, जिला उत्तरकाशी

2

ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट (250 LPM) का लोकार्पण

3

नवीन इमरजेंसी ब्लॉक एवं फिजियोथेरेपी विभाग का उद्घाटन

4


SVHM टेली चिकित्सा हेल्प लाइन का उद्घाटन

5

FUJI FILM DRI - HEM NX 600 लैब जांच मशीन

# तिमाही विशेष

## उत्सव एवं उल्लेखनीय घटनाएँ



### गुरु पूर्णिमा पर्व



### गुरु दक्षिणा कार्यक्रम



### स्वामी विवेकानन्द जी के महासमाधि दिवस पर सोसाइटी द्वारा श्रद्धांजलि



### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस





### स्वतंत्रता दिवस समारोह



### नौवां स्थापना दिवस समारोह

धर्मावाला : 19-09-2021



### चौथा स्थापना दिवस समारोह

बड़कोट : 21-09-2021






### Kedarnath Dham: 27-09-2021: चिकित्सालय का पुन: आरंभ

### परोपकारिता से पुण्य



**07-08-2021 (हरिद्वार) : RSS** के स्वयंसेवकों ने 51 श्याम तुलसी एवं 50 अन्य पौधे गमले सहित हरिद्वार चिकित्सालय को भेंट किए। इस अवसर पर RSS के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख आदरणीय श्री पदम जी उपस्थित रहे व उन्होंने चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की सराहना की ।



**08-09-2021 (पीपलकोटी):** बटोला गांव के शैलेंद्र नेगी ने अपने पिता और पत्नी को चिकित्सालय द्वारा प्रदान की गई आपातकालीन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के प्रति सराहना के प्रतीक के रूप में पीपलकोटी चिकित्सालय को 6 पंखे दान कर अपना जन्मदिन मनाया ।

### बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण पर प्रशिक्षण



17-08-2021 (हरिद्वार): हरिद्वार चिकित्सालय की नर्सिंग सुपरिटेंडेंट श्रीमती अल्पना रावत द्वारा समस्त स्टाफ को बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण पर प्रशिक्षण दिया गया।

### धर्मावाला

कुल टीकाकरण: 5194



COVISHIELD (5125) पहले से उपलब्ध
COVAXIN (69) की भी सुविधा
01-09-2021 से प्रारंभ हो गयी

20-09-2021

**होम्योपैथी क्लिनिक पुन: आरंभ हो गयी**



डॉ. पंकज गौतम
(B.H.M.S)

# मल्टी डिसिप्लिनरी एवं सुपर स्पेशियलिटी शिविर



पंजीकरण, धर्मावाला



हरिद्वार: डॉ.अभय कुमार, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, देहरादून, एनेस्थेटिस्ट - डॉ. विजय त्यागी, देहरादून और डॉ. सुशील, हरिद्वार



हरिद्वार: डॉ. अनिल शर्मा (नेत्र सर्जन), अंबाला

**शिविर: 28; लाभार्थी: 5943**

**धर्मावाला (12), हरिद्वार(11) एवं पेटशाल(5)**

इन शिविरों में विभिन्न स्पेशियलिटी के 53 डॉक्टरों द्वारा पुर्णतः स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान की गयीं

**प्रदान की गई स्पेशियलिटी एवं सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं :**

- हार्ट एवं लंग ट्रांसप्लांट
- कार्डियोलॉजी
- पल्मोनोलॉजी
- यूरोलोजी
- नेफ्रोलॉजी
- एंडोक्राइनोलॉजी
- न्यूरोलोजी
- मैक्सिलोफेशियल
- मेडिसिन
- सर्जरी
- गाईनेकोलॉजी
- पीडियाट्रिक
- ओर्थोपेडिक
- ऑपथैल्मोलॉजी
- साइकेट्री
- ई एन टी
- स्किन
- डेंटल
- आयुर्वेद

इन शिविरों में 89 निःशुल्क सर्जरी की गई।



धर्मावाला
प्रो. डॉ. प्रशांत लवानिया, यूरोलॉजिस्ट, एस एन मेडिकल कॉलेज, आगरा अपनी टीम के साथ



पेटशाल: डॉ. एम हमीदी, सीनियर लेप्रोस्कोपिक और जनरल सर्जन, यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा



पेटशाल: डॉ. कपिल त्यागी, सीनियर हड्डी रोग विशेषज्ञ और डॉ. राहुल सिंह, सीनियर एनेस्थेटिस्ट, यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा

## निःशुल्क सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर

**शिविर: 30; लाभार्थी: 2348**

शिविर में दी जाने वाली सेवाओं में रक्तचाप, तापमान और ऑक्सीजन (SPO2) माप और शुगर के आंकलन सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच भी शामिल थीं ।

हरिद्वार के शिविरों में त्वचा रोग, नेत्र रोग, पैथोलॉजी, दंत चिकित्सा एवं आयुर्वेद के विशेषज्ञ भी उपलब्ध रहे ।

मौसमी स्वास्थ्य समस्याओं और बीमारी से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह शिविर एक बड़ी राहत थी। हमेशा की तरह, दवाओं सहित सभी सुविधाएँ पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान की गईं।



09-07-2021: नैनी जागेश्वर गाँव, पेटशाल



19-08-2021 : तेलीवाला गाँव, हरिद्वार



24-09-2021: अरसलपाड गाँव, पेटशाल



09-09-2021 : खाला शास्त्रीनगर शहरी मलिन बस्ती, देहरादून



22-09-2021: वाल्मीकि आश्रम, हरिद्वार

# महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम - धर्मावाला

- संपर्क किये गए घर : 1289
- संपर्क किए गए लाभार्थी : 1865 (नए: 723; पुराने: 1142)

**एनीमिया चिकित्सा एवं रोकथाम कार्यक्रम**

उपचाराधीन **798**

**स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर का जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम**

कुल स्क्रीनिंग **93**

**My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम**

My Pad लाभार्थियों की संख्या **149**

कुल वितरित reusable सेनेटरी पैड **313**

खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जांचें: **643**
एनीमिक पाए गए: **441**

स्तन एवं ग्रीवा कैंसर के जागरूकता सत्र में भाग लेने वाली कुल महिलाओं की संख्या: **269**

Menstrual Hygiene कार्यक्रम के संबंध में व्यक्तिगत परामर्श (counselling) सत्र में भाग लेने वाली किशोरियों और मासिक धर्म वाली महिलाओं की संख्या : **327**


खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच


SVHM धर्मावाला में स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर कार्यक्रम का स्क्रीनिंग सत्र



My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम का परामर्श एवं जागरुकता सत्र


खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच


स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर कार्यक्रम का जागरुकता सत्र



My Pad लाभार्थी

# तिमाही आंकड़े





नोट: केदारनाथ धाम और गंगोत्री धाम के चिकित्सालय सितंबर माह के क्रमशः 4 और 2 दिन ही कार्यात्मक रहे।

| चिकित्सालय | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 27118 | 688 | 2963 | 1045 | 129 |
| मनेरी | 231 | 3 | 93 | 1 | 13 |
| नारायणकोटी | 6893 | 215 | 1034 | 452 | 115 |
| बड़कोट | 2876 | 41 | 1058 | 102 | 217 |
| पीपलकोटी | 1896 | 122 | 375 | 208 | 41 |
| बद्रीनाथ धाम | 413 | 11 | 12 | 0 | 2 |
| पेटशाल | 3596 | 117 | 469 | 59 | 59 |
| केदारनाथ धाम | 50 | 33 | 0 | 0 | 0 |
| हरिद्वार | 14717 | 168 | 1215 | 649 | 40 |
| गंगोत्री धाम | 11 | 4 | 2 | 0 | 0 |
| Total | 57801 | 1402 | 7221 | 2516 | 616 |




| चिकित्सालय | सर्जरी | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 304 | 95 |
| नारायणकोटी | 0 | 20 |
| बड़कोट | 2 | 77 |
| पेटशाल | 14 | 6 |
| हरिद्वार | 31 | 10 |
| कुल | 351 | 208 |

सर्जरी के प्रकार: जनरल, यूरो, ई एन टी, ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल, नेत्र एवं बाल रोग




सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार के चिकित्सालयों में उपलब्ध है।
नोट: फिजियोथेरेपी ओपीडी, हरिद्वार की 10 दिनों तक की है।

| | |
|---|---|
| पंचकर्म (आयुर्वेद) | 181 |
| सी टी स्कैन | 825 |
| एंडोस्कोपी | 138 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 53 |

सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है

| 61347 | 559 | 1402 | 7221 | 3904 | 57801 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

नर सेवा | नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## तिमाही वृतांत

## जुलाई - सितम्बर' 2021

आपका अमूल्य दान है एक वरदान :
स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी
खाता संख्या: 32584491256
आई एफ एस सी कोड: SBIN0010626
शाखा का नाम: सी एस टी हरबर्टपुर, देहरादून

https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk
https://www.instagram.com/svhmuk/
svhmuk@gmail.com; anujdrs@gmail.com

सभी दान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80G के तहत कर-मुक्त हैं।

धर्मावाला, देहरादून



मनेरी, गंगोत्री मार्ग




नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग




पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग



बद्रीनाथ धाम, चमोली



पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग, अल्मोड़ा



केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग



हरिद्वार



गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी

